साई नाम निराला | By Sarita Verma

मन मेरा साई बोले
तन मेरा साई बोले
बोले साँसों की ये माला
साई नाम निराला मनवा साईं नाम निराला
क्यूँ जाए काबा काशी
क्यूँ रहे ये अँखियाँ प्यासी
साईं नाम में छिपा शिवाला
साई नाम निराला मनवा साईं नाम निराला

नाम साई का सुबह की शीतलता में है
नाम साई का मृग की चंचलता में है
नाम साई का बच्चो की मुस्कान है
नाम साई का गीता और क़ुरान है
साई नाम निराला मनवा साईं नाम निराला

इंद्रधनुष के सात रंगो में साई है
साई नाम ही सच्ची खरी कमाई है
साई नहीं है मन्नत वाली आसो में
साई छिपा है बस मन के विश्वासों में
साई नाम निराला मनवा साईं नाम निराला

ये ना सोचो साईं में तुम क्या पाओगे
क्या पाया जानोगे जब तुम जाओगे
साई फकीरी शिरडी वाला गहना है
साई फकीरी संग हमें अब रहना है
साई नाम निराला मनवा साईं नाम निराला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-sarita-verma/